# इंडिया-AI इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन 2026

स्रोत: पी.आई.बी.


इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) ने **फरवरी 2026 में होने वाले इंडिया-AI इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन** के लिये आधिकारिक लोगो (Official Logo) और प्रमुख प्रमुख पहलों का खुलासा किया है। यह आयोजन एक ऐतिहासिक अवसर है, क्योंकि यह पहली बार है जब कोई **वैश्विक दक्षिण राष्ट्र इस शिखर सम्मेलन की मेज़बानी** करेगा।

**प्रमुख पहल:**

- **AI पिच फेस्ट (उड़ान):** इसमें वैश्विक नवोन्मेषी AI स्टार्टअप और भारत के टियर 2 और 3 केंद्रों के उच्च-संभावित उद्यमों को प्रदर्शित किया जाएगा, जिसमें महिला नेताओं और दिव्यांग परिवर्तनकर्त्ताओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।
- **आधिकारिक लोगो:** लोगो (Logo) में अशोक चक्र दर्शाया गया है, जो **नैतिक शासन और संवैधानिक मूल्यों का प्रतीक** है तथा इसमें तंत्रिका नेटवर्क **फ्लेयर्स** भाषाओं, उद्योगों एवं भौगोलिक क्षेत्रों में AI के परिवर्तनकारी प्रभाव को दर्शाते हैं।

## इंडिया-AI इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन 2026

- MeitY द्वारा आयोजित यह सम्मेलन फरवरी 2026 में नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा।
- **शिखर सूत्र:** लोग, ग्रह और प्रगति के सिद्धांतों या सूत्रों द्वारा निर्देशित।
  - **लोग:** AI को सभी मनुष्यों की समावेशी सेवा करनी चाहिये, संस्कृति का सम्मान करना चाहिये और सुलभता सुनिश्चित करनी चाहिये।
  - **पृथ्वी:** AI को संसाधन-कुशल, पर्यावरण-अनुकूल और स्थिरता लक्ष्यों के अनुरूप होनी चाहिये।
  - **प्रगति:** AI के लाभ समतापूर्ण होने चाहिये तथा प्रमुख क्षेत्रों में डेटा, कंप्यूटिंग और अनुप्रयोगों तक खुली पहुँच होनी चाहिये।
- **सात चक्र:** सूत्रों को सात चक्रों के माध्यम से क्रियान्वित किया जाता है, जो मूर्त AI परिणामों को प्राप्त करने के लिये बहुपक्षीय सहयोग पर केंद्रित होते हैं।




- MeitY ने **बहुभाषी, स्वास्थ्य सेवा, वैज्ञानिक, औद्योगिक, शासन और कृषि अनुप्रयोगों** को लक्षित करते हुए आठ स्वदेशी AI आधारभूत मॉडल परियोजनाएँ भी शुरू कीं।




**और पढ़ें:** भारत की AI क्रांति

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-ai-impact-summit-2026